बरेली, बुधवार
2 जुलाई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 BOTTOM

# एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर्स को किया गया सम्मानित

## मंडल प्रमुख ने आदित्यमूर्ति को शॉल एंव बुके भेंट किए

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 July): पंजाब नैशनल बैंक की एसआरएमएस शाखा द्वारा एसआरएम मेडिकल कॉलेज में ट्यूजडे को डॉक्टर्स डे मनाया गया. इसमें एसआरएमएस की तरफ से ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बटोला, पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे, शाखा प्रमुख अंकित भारद्वाज और मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख द्वारा आदित्य मूर्ति और एमएस बटोला को शॉल एंव बुके भेंट करके की गई. रंजीत कुमार चौबे द्वारा आदित्य मूर्ति को पंजाब नैशनल बैंक की ओर से गणेश जी की मूर्ति भेंट की गई. पंजाब नैशनल बैंक के उच्चाधिकारियों द्वारा डॉक्टर्स डे पर समाज के लिए डॉक्टरों द्वारा दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की सराहना की और उनका आभार भी व्यक्त किया.



### जताया आभार

इसके साथ ही पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय की मार्केटिंग टीम ने सैलरी अकाउंट, होम लोन और अन्य बैंक उत्पादों की जानकारी दी. बैठक का समापन केक काटने और रंजीत कुमार चौबे द्वारा सभी उपस्थित डॉक्टरों को उपहार भेंट कर किया गया. उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा. इस अवसर पर शाखा के स्टाफ संघरतन गौतम और शशांक सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे.